# डीबी डिजिटल मीडिया

प्रिंट मीडिया पार्टनर "प्रदेश सत्ता"

■ वर्ष-01 ■ अंक-13 ■ बालोद, शनिवार 30 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ-04 ■ मूल्य-4 रुपये


# जिला अस्पताल बालोद में चार पीजी डॉक्टरों की हुई नियुक्ति

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री के प्रति जताया आभार

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

जिला अस्पताल बालोद में लंबे समय से विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी बनी हुई थी, जिससे आमजन को इलाज के लिए अन्य जिलों में भटकना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को देखते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं चेयरमेन इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी रायपुर श्री तोमन साहू द्वारा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को बालोद आगमन पर मांग पत्र सौंपा गया था।

मांग पत्र पर त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रदेश सरकार ने जिला अस्पताल बालोद हेतु चार पीजी डॉक्टरों की बॉन्ड पोस्टिंग के आदेश जारी किए हैं। नियुक्त किए गए डॉक्टर इस प्रकार हैं , डॉ. मधु (MS Ophthalmologist), डॉ. अविनाश कुमार मंडावी (MD Anesthesia),डॉ. निरंजन बेहेरा



(MS ENT), डॉ. शरथ बाबू वी.एस. (MD General Medicine)।

इन विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति से जिला अस्पताल बालोद में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि होगी और मरीजों को अब धमतरी, दुर्ग या रायपुर रेफर होने की आवश्यकता कम पड़ेगी। श्री तोमन साहू ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए स्वास्थ्य मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि सरकार का यह कदम जिले की बड़ी आबादी के लिए राहतकारी सिद्ध होगा। साथ ही उन्होंने अपेक्षा जताई कि शेष रिक्त विशेषज्ञ पद भी शीघ्र भरे जाएंगे।


**क्षेत्रीय जनता में खुशी की लहर, स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा सरकार पर विश्वास बढ़ा**

जिला अस्पताल बालोद में चार विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की खबर मिलते ही जिले की जनता में हर्ष और संतोष का वातावरण है। लंबे समय से अस्पताल में विशेषज्ञों की कमी के कारण मरीजों को कठिनाई का सामना करना पड़ता था, किंतु अब एनेस्थीसिया, ईएनटी, नेत्र रोग और मेडिसिन जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञ सेवाएँ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। जनता ने इस पहल के लिए जहाँ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, को धन्यवाद दिया है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू के प्रयासों की भी सराहना की है। लोगों का कहना है कि उनके द्वारा समय-समय पर उठाई गई मांगें अब धरातल पर साकार हो रही हैं। क्षेत्रीय लोगों का विश्वास स्वास्थ्य मंत्री और जिला पंचायत उपाध्यक्ष दोनों के प्रति और प्रगाढ़ हुआ है। आमजन का मानना है कि इस निर्णय से न केवल बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध होंगी बल्कि ग्रामीण और गरीब तबके की जानें भी सुरक्षित होंगी

# अछोली के पास हुआ दर्दनाक हादसा, ट्रक ने बाइक सवार को लिया चपेट में, पिता-पुत्री की मौत





**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद/ डौंडीलोहारा**

डौंडीलोहारा से राजनांदगांव जाने वाले मुख्य मार्ग पर ग्राम अछोली के पास शुक्रवार को एक सड़क हादसे में पिता और पुत्री की मौत हो गई । दरअसल में एक पिता अपने बाइक पर अपनी बेटी के साथ देवरी की ओर जा रहे थे तभी एक ट्रक ने उन्हें चपेट में लिया । घटना में मौके पर पिता की मौत हुई तो वहीं अस्पताल में इलाज के दौरान बेटी ने भी दम तोड़ दिया।मृतक पिता कोंडे निवासी सुरेंद्र कुमार नेताम था जो अपनी बेटी के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी -24 N-3640 जा रहा था,तभी अछोली स्कूल के पास ही ट्रक और मोटरसाइकिल की भिड़ंत से मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए ,एवं मोटरसाइकिल चालाक सुरेन्द्र कुमार नेताम की घटना स्थल में ही मौके पर ही मौत हो गई। बेटी को गंभीर रूप से घायल अवस्था में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बेटी को भी मृत घोषित कर दिया गया। मृतक सुरेंद्र कुमार नेताम धोबेदण्ड पंचायत के ग्राम कोंडे का रहने वाला था। जिसका ससुराल डौंडीलोहारा के आसपास है

# भाजपा संकल्पित है बालोद के विकास के लिए- चार स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की हुई नियुक्ति





**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

भारतीय जनता पार्टी ने बालोद जिले के विकास के लिए अपने संकल्प को पूरा किया। बालोद जिला अस्पताल में चार स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की नियुक्ति अब एक साकार रूप ले चुकी है, जिससे जिले के लोगों को अब स्वास्थ्य सुविधाओं में बेहतरी मिलेगी। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं वरिष्ठ नेताओं ने स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के समक्ष बालोद जिला अस्पताल में डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए अपनी मांग रखी थी। मंत्री जी ने इस मामले को गंभीरता से लिया और आज बालोद जिला अस्पताल में चार डॉक्टरों की नियुक्ति की गई, जिनकी सेवाएं जिले के नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होंगी। इस नियुक्ति के बाद अब बालोद जिला अस्पताल में अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति से किसी भी मरीज को दूसरे जिले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान अब यहां ही हो सकेगा। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री चेमन देशमुख और जिले के अन्य सभी वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जयसवाल का आभार व्यक्त किया है। यह कदम बालोद जिले के विकास में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और पार्टी का संकल्प है कि भविष्य में भी इस तरह के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी

## समाचार संक्षेप

### परिवीक्षा अवधि समाप्ति उपरांत वेतनवृद्धि के साथ मिला वेतन, फेडरेशन ने जताया आभार



**डीबी डिजिटल मीडिया बस्तर ।** बस्तर जिले के अंतर्गत विकास खण्ड बस्तर में जून 2022 में नियुक्त शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्ति आदेश जारी होते ही बीईओ बस्तर श्रीमती भारती देवांगन ने छत्तीसगढ़ नियमित सर्व शिक्षक फेडरेशन के आवेदन पर संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए, 3 वार्षिक वेतनवृद्धि लगाकर अगस्त माह का वेतन दिया गया। जिससे समस्त शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है फेडरेशन ने कुछ अन्य मुद्दों जिनमें ऑनलाइन अवकाश पोर्टल में अपडेट, ईकेवाईसी के एप्रूवल के कार्य को जल्द से जल्द कराने की मांग को लेकर भी चर्चा किया गया, खण्ड शिक्षा अधिकारी ने इन कार्यो को भी जल्द से जल्द कराने हेतु शिक्षकों को आश्वत किए। जिस हेतु छत्तीसगढ़ नियमित सर्व शिक्षक फेडरेशन के कार्यकारी संभाग अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी,ब्लॉक पदाधिकारी एवं सभी शिक्षकों ने इस हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती देवांगन को धन्यवाद ज्ञापित किए

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के तहत महतारी मेगा हेल्थ कैंप" का हुआ आयोजन

डीबी डिजिटल मीडिया बालोद/गुण्डरदेही




एकीकृत बाल विकास परियोजना गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ. ग.) के तत्वाधान में "छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 महतारी मेगा हेल्थ कैंप" का आयोजन में गुंडरदेही विधानसभा के विधायक श्री कुंवर सिंह निषाद व श्रीमती दंतेश्वरी निषाद मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। महतारी मेगा हेल्थ कैंप में विकास खंड गुण्डरदेही के विभिन्न ग्रामों से आए हुए महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमें महिलाओं का बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन,नेत्र एवं दंत जांच एवं स्वास्थ्य जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया। विशेष आवश्यकता वाले महिलाओं का एक्सरा, सोनोग्राफी भी करवाया गया। बुजुर्ग महिलाओं को उनके आवश्यकता अनुसार विटामिन का सिरप, आयरन, कैल्शिया का दवाई भी दिया गया। इस दौरान विधायक द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि सभी माताएं बहने अपने स्वास्थ का बेहतर ध्यान रखे। स्वस्थ महिला



अपने परिवार को स्वस्थ रखने और पालन पोषण का काम करती है अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे। समय समय पर स्वास्थ्य जांच का लाभ जरूर लेती रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ अवश्य ले, सभी माताएं अपने एवं अपने बच्चों का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर प्रमोद जैन अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही, पुरुषोत्तम चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही, लिखन निषाद , सलीम खान , हेमलता देशलहरे महिला एवं बाल विकास विभाग समिति सभापति , संध्या मनोज खरे महिला एवं बाल विकास विभाग समिति सदस्य, समीर पाण्डे जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बालोद, प्रतिमा ठाकरे झा एसडीएम गुण्डरदेही, गजानन साहू बाल संरक्षण अधिकारी जिला बालोद , खलेश्वरी नेताम परियोजना अधिकारी एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना गुण्डरदेही एवं समस्त पर्यवेक्षक व जनप्रतिनिधि ग्रामीण जन उपस्थित रहे

# NHM के हड़ताली कर्मचारी रायपुर में डटे, स्वास्थ्य मंत्री पर लगाया आरोप, कर रहे सिर्फ कोरी बात









**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा नियमितीकरण/सविलियन, ग्रेड पे, लंबित 27% वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन लगातार तेज हो रहा है। NHM के हड़ताली कर्मचारी रायपुर में अपनी लंबित 10 सूत्रीय मांग के लिए गए हैं। जिसमें बालोद जिले के लगभग 500 कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार कर्मचारियों से वादा खिलाफ कर रही है । वहीं स्वास्थ्य मंत्री जी का कहना है कि इनकी 5 मांगे मान ली गई है जिसमें कर्मचारियों द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया है । संघ ने इस पर कहा है कि अगर मांग मान ली गई है तो आदेश क्यों नहीं दिखाते है और जो मांग केंद्र स्तर की है उसके लिए क्या कार्यवाही हुई है उसका कार्यवाही विवरण क्यों नहीं सार्वजनिक करते । साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने प्रेस वार्ता में दूसरे राज्य की नीति का अध्ययन करने की बात कही।

तो संघ का कहना है कि दूसरे राज्य का अध्ययन करने के लिए नोटशीट क्यों नहीं शुरू कर रहे है। आज डिजिटल युग है मध्य प्रदेश और राजस्थान की नीति का अध्ययन करने और वहां का आदेश क्यों नहीं मंगवाए। इसके लिए भी समय सीमा तय कर कार्यवाही करे। परंतु आज दिनांक तक कुछ नहीं किया गया।

केवल कोरी बात हो रही है और शासन स्तर से कोई पहल नहीं की जा रही है । मांगो के सम्बन्ध में पूर्व में संघ ने 160 से ज्यादा बार अपनी मांगों को शासन स्तर पर सभी प्रमुख व्यक्ति को दिया है। आज जो आमजन को परेशानी हो रही है वह केवल शासन के कारण ही हो रही है। कर्मचारी रोज रोज कुछ नए ढंग से हड़ताल कर रहे है कर्मचारियों द्वारा "मोदी की गारंटी" खोजने रायपुर गए है, जिसमें कर्मचारियों द्वारा पैंपलेट छपवाया गया और जगह जगह बाटा जा रहा है। जिसे मोदी की गारंटी खोज अभियान का नाम दिया गया है। हड़ताल में जिला अध्यक्ष श्री खिलेश साहू, सदस्य सूर्यकांत साहू, रूपेश ठाकुर,धनेश कुमार,हेमंत ,मिथलेश,राहुल ,राहुल ,पोषण,ऋतु, दिव्या, कल्याणी, रविकांत,बिना,सुमन,राजेश, चैत राम,दिनेश्वरी,पायल, सरस्वती ,तुलसी साहू, सूर्यकला,डिंपल , देवकी, मेघारानी ,विकाश , ख़ेमलता ,सादिया बानो,विनोद विश्वनाथ,झरना, जगेंद्र, मोहित,सविता साहू, किशोर, सुभाष, सोनल, अर्चना और अन्य सभी

## कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव से नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह ने की सौजन्य मुलाकात



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।** कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव से नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह ने की सौजन्य मुलाकातडीबी डिजिटल मीडिया बालोद छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव से डौंडीलोहारा के नगर पंचायत अध्यक्ष निवेंद्र सिंह टेकाम ने सौजन्य भेंट कर, उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान उनके साथ निखिल शर्मा,प्रणव साहू,मनीष राजपूत, हरीश बर्मन आदि मौजूद थे

## एसएससीआई के तहत किया जाएगा सुरक्षा गार्ड पंजीयन एवं भर्ती शिविर का आयोजन

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद ।** पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार पटेल ने बताया कि क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर द्वारा एसएससीआई सिक्यूरिटी स्कील काउंसिल इंडिया लिमिटेड की ओर से आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत सुरक्षा गार्ड में स्थाई रोजगार देने जिले के विभिन्न स्थानों पर सितंबर माह में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पंजीयन शिविर का आयोजन थाना गुण्डरदेही में 02 सिंतबर, थाना परिसर अर्जुंदा में 03 सितंबर, थाना परिसर बालोद में 04 सिंतबर, थाना परिसर डौण्डीलोहारा में 06 सितंबर, थाना देवरी में 08 सितंबर, थाना परिसर मंगुचवा में 09 सितंबर, चैकी पिनकापार में 10 सितंबर, थाना सुरेगांव में 11 सितंबर, थाना पुरूर में 12 सितंबर, थाना गुरूर में 13 सितंबर तथा थाना रनचिरई में 15 सितंबर को सुबह 10.30 बजे से शाम 04 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदक को भर्ती से संबंधित आवश्यक दस्तावेज, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है

# सीईओ जिला पंचायत ने स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था भोथली में प्रशिक्षण कार्य का लिया जायजा

### बालोद विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर निर्माणाधीन पीएम आवासों का किया औचक निरीक्षण

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद/गुरूर**





जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी ने स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था भोथली में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओ से बातचीत कर प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया। इसके साथ ही सीईओ श्री चंद्रवंशी ने बालोद विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का औचक निरीक्षण कर पीएम आवास के हितग्राहियों से बातचीत भी की। सीईओ चंद्रवंशी ने जिले के जनपद पंचायत गुरूर के ग्राम भोथली में जिला प्रशासन एवं ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से जनपद पंचायत गुरूर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत भोथली में ग्रामीण श्रमिको को आत्मनिर्भर बनाने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नये अवसर सृजित करने के उद्देश्य से संचालित 30 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों से सीधे बातचीत करते हुए उनके प्रशिक्षण कार्य एवं उनके द्वारा सीखी गयी तकनीकी ज्ञान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले को वृहद आवास निर्माण का लक्ष्य आबंटित हुआ है जिसे निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। इस प्रशिक्षण से अब आप केवल श्रमिक नहीं, बल्कि कुशल राजमिस्त्री बनने जा रहे हैं। जिससे आपको अपने गांव एवं स्थानीय स्तर पर ही पर्याप्त काम और सम्मानजनक आमदनी का अवसर मिलेगा। साथ ही प्रशिक्षणार्थियो ने बताया कि पहले वे केवल सामान्य मजदूरी का कार्य करते थे । लेकिन इस प्रशिक्षण से उन्हें नाप-जोख, ईट की चिनाई, प्लास्टररिंग, लेवलिंग और भवन निर्माण से जुड़ी कई नवीन तकनीके सीखने को मिल रहा है।सीईओ श्री चंद्रवंशी ने बालोद विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत उमरादाह के आवास लाभार्थी श्री विष्णु, श्री मदन, श्री राजुलाल, श्री अमरूराम, श्री रामकुमार, सदासिंग तथा ग्राम पंचायत पड़कीनाट के श्री अशोक एवं अन्य प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों से मुलाकत कर आवास निर्माण के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान श्री चंद्रवंशी ने संबंधितों को हितग्राहियों के समास्याओ को संज्ञान लेते हुए जनपद एवं ग्राम पचायत के अमलो को मटेरियल, राजमिस्त्री एवं बैंक से संबंधित समास्याओ के निपटान कर हर संभव मदद उलपब्ध कराने के निर्देश दिए। जिससे हितग्राहियों के आवास निर्माण के कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर सके। इस अवसर पर सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा एवं अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर कन्नेवाड़ा में 'मोर खेल मोर गौरव' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### हॉकी टूर्नामेंट से किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**



हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिले के पीएमश्री स्कूल कन्नेवाड़ा खेल मैदान में 'मोर खेल मोर गौरव' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री तोमन साहू, पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार पटेल,एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष श्री सौरभ लुनिया की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें बड़े उत्साह के साथ खिलाड़ियों ने अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सहायक जिला खेल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्राची ठाकुर ने बताया कि 29 से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला हॉकी संघ के सहयोग से जिले के बालोद विकासखण्ड के पीएमश्री स्कूल कन्नेवाड़ा में 'मोर खेल मोर गौरव' थीम पर तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है

# अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल आयोजित

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**








अरिहंत एकेडमी, बालोद में कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेवा एवं अग्निशमन सेवाएं, जिला बालोद के तत्वावधान में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण दल के सदस्य नीलकंठ पटेल, किशोर कुमार सेन, लेखराम यादव, ईश्वर लाल ठाकुर एवं कन्हैयालाल विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को अग्निकांड की स्थिति में सतर्क रहने, आग पर काबू पाने तथा सुरक्षित रहने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, आग बुझाने के उपकरणों का प्रयोग एवं आपातकालीन स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. प्रदीप जैन ने अपने संदेश में कहा कि – "अग्नि सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि यह जीवन रक्षा का सबसे महत्वपूर्ण कौशल है, जिसे प्रत्येक विद्यार्थी एवं नागरिक को जानना आवश्यक है।"उन्होंने ऐसे जागरूकता के कार्यक्रम प्रत्येक कॉलेज व स्कूल में कराये जाने की आवश्यकता पर बल दिया ।क्योंकि ये हादसे कभी भी कहीं भी हो सकते है। विद्यालय के प्राचार्य आलोक श्रीवास्तव ने अपने संदेश में कहा कि – "आज के प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में जागरूकता आई है और यह अभ्यास उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने में सक्षम बनाएगा।" कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की प्रशंसा की

# बालोद की बेटी डॉली साहू ने यंग साइंटिस्ट इंडिया प्रोग्राम में लाई फाई प्रोजेक्ट का प्रदर्शन कर जिले का किया नाम रोशन

## कलेक्टर श्रीमती मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत ने डॉली को दूरभाष पर दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

बालोद जिले की छात्रा डॉली साहू ने अपनी नवाचारी प्रतिभा से पूरे देश में जिले का नाम रोशन किया है। डॉली साहू की इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी ने आज उसे दूरभाष से चर्चा कर उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने डॉली से उनके इस नवाचार की विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्हें भविष्य में इस क्षेत्र में निरंतर उपलब्धि हासिल कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन करने हेतु प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी ने जिले की होनहार छात्रा कुमारी डॉली साहू की इस उपलब्धि को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं असाधारण बताते हुए भूरी-भूरी सराहना की। श्री चंद्रवंशी ने कुमारी डॉली साहू की इस उपलब्धि को संपूर्ण बालोद जिले के लिए गौरव बताते हुए उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी है।



उल्लेखनीय है कि स्पेस किड्स मिशन, अटल इनोवेशन मिशन और नीति आयोग के सहयोग से आयोजित यंग साइंटिस्ट इंडिया प्रोग्राम में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद की छात्रा डॉली साहू ने अपने अनूठे 'लाई-फाई प्रोजेक्ट' के साथ ग्रैंड फाइनल में स्थान बनाया है। यह प्रतियोगिता 28 और 29 अगस्त को चेन्नई में आयोजित हो रही है, जहाँ देश भर के 160 चुनिंदा प्रोजेक्ट्स में से डॉली का प्रोजेक्ट भी प्रदर्शित हो रहा है।



डॉली साहू ने अपने 'लाई-फाई प्रोजेक्ट' के माध्यम से प्रकाश की किरणों का उपयोग कर डेटा, ऑडियो और टेक्स्ट मैसेज भेजने की नवाचारी तकनीक विकसित की है। यह तकनीक भविष्य की तेज, सुरक्षित और ऊर्जा-कुशल संचार प्रणाली के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। इस प्रोजेक्ट ने न केवल तकनीकी नवाचार को बढ़ावा दिया है, बल्कि युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की सराहना करते हुए डॉली ने कहा कि यह उपलब्धि मेरे शिक्षक, परिवार, जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन व सहयोग के बिना संभव नहीं था। इस प्रकार के अवसर के लिए उसने स्पेस किड्स इंडिया और नीति आयोग को धन्यवाद दिया है। जिले में कार्यक्रम के नोडल श्री पंकज सोनी ने बताया कि यंग साइंटिस्ट इंडिया प्रोग्राम कार्यक्रम का उद्देश्य हाई स्कूल छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना और उन्हें नवाचार के क्षेत्र में कैरियर के लिए प्रेरित करना है। इस आयोजन में देश भर से लगभग 05 हजार से अधिक प्रविष्टियों में से 160 प्रोजेक्ट्स को ग्रैंड फाइनल के लिए चुना गया, जिसमें डॉली का लाई-फाई प्रोजेक्ट शामिल है। यह उपलब्धि बालोद जिले के लिए गर्व का क्षण है और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# शिशु संरक्षण माह का हुआ आयोजन, उप स्वास्थ्य केंद्र अरमरीकला में सरपंच ने बच्चों को पिलाया विटामिन ए की खुराक

**डीबी डिजिटल मीडिया गुरुर**

विकासखंड गुरुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती के मार्गदर्शन में विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम का आयोजन 29 अगस्त से 30 सितंबर तक महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित होगी। जिसमें विटामिन ए व आयरन सिरप की खुराक एवं गंभीर कुपोषण की पहचान कर पोषण पुनर्वास



केंद्र भेजना, बच्चों का वजन करना व पोषण आहार देकर सुपोषित करना, विटामिन की खुराक से रतौंधी, कुपोषण, आयरन सिरप की खुराक से रक्त अल्पता से बचाव करना ताकि बच्चों का शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास हो सके। विकासखंड में लक्षित समूह के 1 से 5 वर्ष के लगभग 9254 बच्चों को जिनमें विटामिन ए की खुराक 7328 व आयरन सिरप की खुराक 9119 बच्चों को पिलाई जाएगी। जिनके लिए कुल 360 सत्र आयोजित की जाएगी। जो आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य केंद्रों में होगी। जिनका सतत निरीक्षण ब्लॉक टीम व सेक्टर स्तर से सेक्टर सुपरवाइजरो के माध्यम से किया जाएगा। इस क्रम में उप स्वास्थ्य केंद्र अरमरीकला में सरपंच ग्राम पंचायत अरमरीकला घनेंद्र साहू द्वारा बच्चों को विटामिन ए पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

# काम नहीं तो वेतन नहीं : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अनुपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए शासन का आदेश

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद/रायपुर**

छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने एक आदेश जारी कर कहा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यस्थल से अनुपस्थित रहने पर "काम नहीं तो वेतन नहीं" के सिद्धांत का पालन होगा। आदेश के अनुसार समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को इस माह के अनुपस्थित दिवस का वेतन आहरित नहीं करने का निर्देश जारी किया गया है। सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को भेजे गए निर्देश में कहा गया है कि 18 अगस्त 2025 से लगातार अनुपस्थित पाए जा रहे एनएचएम अधिकारियों-कर्मचारियों की जानकारी तत्काल राज्य कार्यालय को भेजी जाए। निर्देश में यह भी कहा गया है कि सभी अनुपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि अपने कार्यालय में उपस्थिति ना दिए जाने की अवस्था में उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसके अंतर्गत उन्हें सेवा से पृथक भी किया जा सकता है। गौरतलब है कि एनएचएम द्वारा पहले भी आदेश जारी करने के बावजूद कई जिलों में अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। इस स्थिति को "लोक हित के विरुद्ध और पूर्णतः अनुचित" मानते हुए शासन स्तर से आदेश जारी किया गया है।

# जिला अस्पताल में चार डॉक्टरों की नियुक्ति पर हिंद सेना ने जताया स्वास्थ्य मंत्री का आभार

## की गई थी डॉक्टरों की कमी और अन्य समस्याओं को लेकर मांग

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

जिला अस्पताल बालोद में चार डॉक्टरों की नियुक्ति का आदेश जारी हुआ है। इसको लेकर समाजसेवी संस्था हिंद सेना के प्रदेश मुख्य संयोजक तरुण नाथ योगी ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों जब स्वास्थ्य मंत्री का बालोद जिला अस्पताल आगमन हुआ था तो उनके द्वारा विभिन्न 10 बिंदुओं पर जिला अस्पताल की विभिन्न समस्याओं और बरती जा रही अनियमितता को लेकर ज्ञापन दिया था। जिसमें यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को लेकर भी अहम मुद्दा उठाया गया था। स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के बाद चार डॉक्टरों की नियुक्ति को लेकर आदेश जारी हुआ है जिस पर प्रदेश मुख्य



संयोजक तरुण नाथ योगी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे जिले वासियों को काफी राहत मिलेगी और रिफर सेंटर के नाम से जो जिला अस्पताल चर्चित है अब यहीं पर इलाज होगा, ना कि मरीजों को बाहर भेजने की जरूरत पड़ेगी, ऐसी उम्मीद अब कर सकते हैं । तो वहीं अन्य समस्याओं को लेकर भी जल्द समाधान की मांग हिंद सेना के प्रदेश मुख्य संयोजक तरुण नाथ योगी एव माँ कामधेनु बालोद जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह क्षत्रिय ने की है

## नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू ने दी गणेश उत्सव की शुभकामनाएं

**डीबी डिजिटल मीडिया गुरूर।** गणेशोत्सव के अवसर पर गुरूर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू ने समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है, उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि भगवान श्री गणेश सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, बुद्धि और शांति प्रदान करते हैं। यह पर्व हम सभी को एकता, भक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करता है। गणेशोत्सव केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी आस्था और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे इस पर्व को स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूक रहते हुए मनाएं और स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित मिट्टी की प्रतिमाओं को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द और विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर भी बल दिया